भारत सरकार
अंतरिक्ष विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2363

बुधवार, 15 मार्च, 2023 को उत्तर देने के लिए

अंतरिक्ष उद्योग में निजी क्षेत्र

2363. श्री कमलेश पासवान :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार अंतरिक्ष उद्योग में निजी क्षेत्र को कार्य करने की अनुमति प्रदान करती है; और

(ख) यदि हां, तो अंतरिक्ष उद्योग में निजी क्षेत्र की भागीदारी के लाभों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय
तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री
(डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

***

(क) एवं (ख)

जी हां, सरकार अंतरिक्ष क्षेत्र में आद्योपांत अंतरिक्ष संबंधी क्रियाकलापों के आयोजन हेतु निजी क्षेत्र की बढ़ी हुई भागीदारी का विचार रखती है। अंतरिक्ष उद्योग में शैक्षिक संस्थाओं, स्टार्ट-अप्स तथा उद्योगों की भागीदारी से राष्ट्रीय अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था के विस्तार, अधिक रोजगार के अवसरों की उत्पत्ति, संपन्न अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था के सृजन की आशा है जिसके परिणामस्वरूप दीर्घकाल में वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी में वृद्धि होगी।

***